“रन फॉर वोट” मैराथन दिनांक 05.11.2023, स्थान अमरकंटक

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
12
अनूपपुर एक्सप्रेस



5, 11, 21 किमी मैराथन में लोगों ने दिखाया उत्साह

कलेक्टर- एसपी और सीईओ ने दिखाई हरी झंडी

‘रन फॉर वोट’ से दिया मतदान का संदेश

मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने प्रशासन लगातार बेहतर प्रयास कर रहा है। उसी तारतम्य में रविवार को पवित्र नगरी अमरकंटक में ‘रन फार वोट’ का सबसे बड़ा आयोजन कर स्वच्छ और निष्पक्ष मतदान का संदेश दिया गया।

21 किमी पुरुष वर्ग के विजेता खिलाड़ी
प्रथम स्थान-विरेन्द्र कुमार, द्वितीय स्थान-नर्मदा केवट, तृतीय स्थान-लालाराम

21 किमी बालिका वर्ग के विजेता खिलाड़ी
प्रथम स्थान-आरती धुर्वे, द्वितीय स्थान-सुशीला देवी, तृतीय स्थान-रूपाली जायसवाल

11 किमी पुरुष वर्ग के विजेता खिलाड़ी
प्रथम स्थान-दौलत सिंह धुरराम, द्वितीय स्थान-गोलू सिंह मो?, तृतीय स्थान-गौरेन्द्र सिंह राठौर

11 किमी बालिका वर्ग के विजेता खिलाड़ी
प्रथम स्थान-पार्वती देवी, द्वितीय स्थान-पूनम देवी, तृतीय स्थान-मीनाक्षी ठाकुर

5 किमी बालिका वर्ग के विजेता खिलाड़ी
प्रथम स्थान-दुर्गेश्वरी धुर्वे, द्वितीय स्थान-प्रीती श्याम, तृतीय स्थान-साधना धुर्वे

5 किमी पुरुष वर्ग के विजेता खिलाड़ी
5 किमी पुरुष वर्ग में निखलेश कुमार सिंह, मृदुल शुक्ला, अनुराग शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह, तीरथ सिंह, सुशान्त केवट, कृष्ण कोल, ध्रुव वर्मन, देवराज सिंह, निरंजन सिंह, राकेश कुमार को मेडल देकर सम्मानित किया गया। 5, 11 एवं 21 किमी कैटी के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता खिलाड़ियों को ट्रफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अनूपपुर = राज न्यूज नेटवर्क

मां नर्मदा के उद्गम एवं ऐतिहासिक पर्यटन, पवित्र नगरी अमरकंटक में रविवार को सुबह रन फार वोट अमरकंटक मैराथन का आयोजन किया गया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आयोजित अमरकंटक मैराथन में छात्र-छात्राएं, खिलाड़ियों तथा युवा शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजातीष पांडेय, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने रन फार वोट अमरकंटक मैराथन बालक-बालिका वर्ग 5, 11, 21 किमी की शुरुआत में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मैराथन की सभी श्रेणियों में लगभग 2 हजार विद्यार्थियों, खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रन फार वोट अमरकंटक मैराथन के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

लोकतंत्र के उत्सव को सफल बनाने के लिए जिलेभर के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। अमरकंटक मैराथन में सहभागिता के लिए 1500 से ज्यादा लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया। नए मतदाताओं को इस आयोजन के माध्यम से विशेष रूप से फोकस किया गया।

विद्यार्थियों ने लिया आनंद

जिले के विभिन्न अंचलों से रन फार वोट अमरकंटक मैराथन में सहभागिता करने आए छात्रों को विद्यालयीन, महाविद्यालयीन प्राचार्यों व मार्गदर्शी शिक्षकों की अनुमति में अमरकंटक भ्रमण कराया गया। अमरकंटक क्षेत्र की नैसर्गिक खूबसूरती तथा विशेष स्थानों का भ्रमण कर विद्यार्थी उत्साह से लबरेज दिखे। उन्होंने मतदाता जागरूकता के स्लोगन, नारे लगाते हुए मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया।

निर्धारित रूट के अनुसार संपन्न

अमरकंटक स्थित मेला मैदान रोड से प्रारंभ होकर 5 किमी रन फार वोट अमरकंटक मैराथन अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट से इंदिरा पार्क होते हुए नगर परिषद के सामने से होते हुए कन्या आश्रम से दीनदयाल गेट, बस्ती तिराहा से थाना के सामने से शहडोल रोड होते हुए जैन मंदिर तिराहा से जैन मंदिर रोड होते हुए सर्किट हाऊस के पीछे से वापस मेला मैदान मंदिर रोड पर समाप्त हुई। इसी तरह 11 एवं 21 किमी की रन फार वोट अमरकंटक मैराथन भी अमरकंटक क्षेत्र के निर्धारित रूट के अनुसार सम्पन्न हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह व उमंग के साथ सहभागिता की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजातीष पांडेय ने उपस्थित शासकीय सेवकों, प्रतिभागी छात्र-छात्राओं खिलाड़ियों को मतदान करने तथा मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। रन फार वोट अमरकंटक मैराथन के प्रतिभागियों ने साहस और जज्बे का परिचय देते हुए मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

इनकी रही उल्लेखनीय भूमिका

रन फार वोट अमरकंटक मैराथन को सफल बनाने में जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, जनपद पंचायत व नगरीय निकायों के साथ ही पुलिस विभाग की भूमिका उल्लेखनीय रही। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के दिशा-निर्देशन में पुष्पराजगढ़ के एसडीएम दीपक पाण्डेय, एसडीओपी नीलमणी शुक्ल, अनूपपुर जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, क्षेत्र संयोजक एस.के. बाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह धुर्वे, महिला बाल विकास विभाग की सहायक संचालक मंजुश्री शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक वैन सिंह परस्ते, उपजाती देवल सिंह सहित उनकी टीम तथा पीटीआई महेन्द्र सिंह, प्रेम पाण्डेय, रोहित चौधरी, विनोद चौधरी, मनोज सोनी, उपेन्द्र मिश्रा, शिवकुमार मार्को, विवेक यादव, दीपक सिंह, राजेश राठौर, रामचंद्र यादव, सावित्री देवी, बसंता परस्ते, राजेश मण्डल, बादल राव, सलमा बेगम, सीमा सेन, लक्ष्मीलता मिश्रा सहित मार्गदर्शी शिक्षकों का योगदान उल्लेखनीय रहा।